epaper हिन्दुस्तान

# पीएम स्वनिधि योजना में वेंडर्स को शीघ्र मिलेगा लोन

13/03/2022

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत 67363 लोगों को ऋण जल्द मिलेगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बैंकों से समन्वय स्थापित कर शेष 67363 स्वीकृत ऋणों का वितरण जल्द कराएं। इस योजना के लक्ष्य को पाने के लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों में 45 दिन की कार्ययोजना बनाकर काम करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव ने शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि योजना के तहत प्रथम ऋण वितरण, ऋण प्राप्त करने वाले समस्त वेंडर को क्यूआर कोड, इन-एक्टिव वेंडर के लिए डिजिटल प्रशिक्षण, क्लोज प्रथम ऋण के सापेक्ष द्वितीय ऋण वितरण तथा स्वनिधि से समृद्धि के तहत अन्य आठ योजनाओं के लाभ पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी बताया कि योजना के तहत 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य 830000 के सापेक्ष 921833 ऑनलाइन आवेदन हैं। अब तक 836074 ऋण स्वीकृत हुए हैं जिसमें से 768711 ऋण वितरित (92.61 प्रतिशत) कराए जा चुके हैं।

हि अच्छी खबर

## 24 व 25 को दो मेगा कैंप लगाने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि 217 नगर निकायों में वेंडिंग जोनवार, बाजार, बैंक शाखावार कैम्प का आयोजन करने की कार्य योजना तैयार कराई जाए। इन स्थानों पर सप्ताह में दो दिन कैम्प लगाया जाए। 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन कराने के निर्देश दिए।